


Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

हिंदी हमारी पहचान हमारा गर्व।

# हिंदी दिवस

## (हास्य कविता गतिविधि)

## कक्षा - १ & २

*"सब रोगों की एक दवाई*
*हँसना सीखो मेरे भाई"*

*हिंदी हमारे हृदय की भाषा है जो जन - जन को आकर्षित करती है | प्रत्येक वर्ष १४ सितम्बर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है| यह हिंदी भाषा के महत्व पर ज़ोर देने का दिन है। इस विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कक्षा १ तथा २ के लिए हास्य कविता वाचन गतिविधि का आयोजन किया गया | विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने रंग-बिरंगी वेश-भूषा तथा श्रृंगार के साथ अत्यंत मज़ेदार तथा हास्यजनक कविताओं की लयबद्ध प्रस्तुति देते हुए अपनी प्रतिभा का मंचन किया | प्रस्तुत हैं हास्य कविता गतिविधि के कुछ अंश :*



**मेरा नाम सब्ज़ी जोकर........**
अविघ्नीता रॉय ( पहली ब )



**सुनो सुनो भई सुनो सुनो..........**
अन्निका कुमार ( दूसरी ब )

*विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से हँसने और हँसाने का सन्देश दिया और ऐसे मुश्किल समय में भी सबको गुदगुदा दिया | इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूक करना तो था ही ,साथ ही साथ बच्चों को हास्य कविता के माध्यम से जीवन के प्रति सकारात्मक सोच का निर्माण करवाना भी था | ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती है तथा उनकी कल्पनाशीलता को भी नई उड़ान मिलती है |*

**प्रस्तुति द्वारा : पूजा कपूर**

**प्रधानाध्यापिका (प्राइमरी)**
**श्रीमती विनया पुजारी**